ITI LIMITED
( A Government of India Undertaking )

**तत्काल रिलीज के लिए** **दिनांक : 01-10-2020**

## आईटीआई लिमिटेड ने 7796 करोड़ रुपये एस्कॉन चरण-IV परियोजना को कार्यान्वयन करने के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।

***बेंगलूरु :*** *भारतीय सेना के लिए संचार नेटवर्क को मज़बूत करने हेतु, दूरसंचार और रक्षा उपकरण विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई आईटीआई लिमिटेड ने देश भर में सुरक्षित संचार हेतु रणनीतिक नेटवर्क की स्थापना हेतु और अगले 10 वर्षों के अनुरक्षण के लिए आर्मी स्टैटिक स्विच्ड कम्यूनिकेशन नेटवर्क(एस्कॉन) के **7,796** करोड़ रुपये के चरण **IV** परियोजना पर आज हस्ताक्षर किया है।*

*आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राकेश मोहन अग्रवाल और संयुक्त सचिव और अधिग्रहण प्रबंधक (भूमि प्रणाली) रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने आज नई दिल्ली में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।*

एस्कॉन सेना का दूरसंचार नेटवर्क है जो उत्तरी, उत्तर-पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र जैसे विभिन्न इलाकों में फैला है। यह परियोजना एक आईपी एमपीएलएस आधारित संचार नेटवर्क है जिसमें मीडिया के रूप में माइक्रोवेव रेडियो, सैटेलाइट और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क हैं। परियोजना में आईपी-एमपीएलएस राउटर, एनएमएस, मोबाईल नोड्स, टेस्ट उपकरण जैसे दूरसंचार उपकरणों की स्थापना, कमीशन और रखरखाव शामिल है तथा विभिन्न साइटों पर संपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रदान करने और लगभग 11,000 किलोमीटर के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को रोल आउट करने हेतु सिविल कार्य है।

परियोजना के कार्यक्षेत्र में दो साल की वारंटी अवधि और वारंटी के बाद आठ साल के लिए नेटवर्क का रखरखाव शामिल है।